# PK UNIVERSITY




## NEWS LETTER (Vol.-2, Issue-3) (July – Sep 2025)

## About PK University

P.K. University has been established keeping in view the foregoing are growing emphasis on global competitiveness, the need to bridge the gap between theory and practice and the growing demand for highly skilled personnel in the frontier areas of Management, Engineering and Technology, medicine, Architecture, Information Technology and Computing, Paramedical and Pharmacy, Insurance, Bio-sciences, fashion, Law, Hospitality and Tourism and other fields of education, the Sonal Educational Society proposes to establish as University in Shivpuri (M.P) entitled P.K. University encompassing all the major disciplines the majority of the courses will be innovative, practice oriented, flexible, modular and ensure that the students acquire the necessary skills and knowledge for successful careers. The University will establish a close liaison with the productive sector, broaden the mental horizons of its student and provide a stimulating place through study, stay and learn. This will meet the growing needs of the students of not only Madhya Pradesh but also India and abroad too. Since all the courses to be offered by P.K. University are going to be innovative and highly practical oriented this will go a long way in fulfilling the aspiration of student and parents at Utter Pradesh and adjoining area.

# July-2025

## "फाइनेंशियल लिटरेसी टू एंपावर योर फ्यूचर विद एसेंशियल मनी मैनेजमेंट" विषय पर एक दिवसीय वेबिनार संपन्न




दिनांक 15 जुलाई 2025 को, पी. के. विश्वविद्यालय एवं वित्तीय साक्षरता सलाहकार निकाय उद्यम विशेषज्ञ दिल्ली-एनसीआर के संयुक्त तत्वावधान में ज़ूम एप्प के माध्यम से "फाइनेंशियल लिटरेसी टू एंपावर योर फ्यूचर विद एसेंशियल मनी मैनेजमेंट" विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक धन प्रबंधन कौशल के साथ अपने भविष्य को सशक्त बनाने में मदद करना था। वेबिनार में लगभग 130 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री तुषार अवस्थी ने आर्थिक जागरूकता के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर पी. के. विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ जितेंद्र मलिक, डीन ऑफ़ रिसर्च डॉ. भास्कर नल्ला, डीन ऑफ़ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ. आशीष विश्वकर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. कौशल नरेश अमर, डॉ. विष्णुकांत वर्मा एवं पी. के. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉफ के साथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर पी०के० विश्वविद्यालय ने देश के वीर शहीदों को किया नमन




दिनांक 26 जुलाई को, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत पी०के० विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ए०पी०जे० अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विशेष रूप से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा एवं डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षक/शिक्षिकाएं, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण सहित अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुरु दक्षता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न




दिनांक 28 जुलाई 2025 को, भारतीय शिक्षण मंडल, शिवपुरी (मध्य प्रदेश) एवं पी० के० विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरु दक्षता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) पर सारगर्भित व्याख्यान भी दिया गया, जिसमें शिक्षा की मूल अवधारणाओं को भारतीय परंपरा और दर्शन से जोड़ा गया। साथ ही, भारतीय शिक्षा के महत्व और गुरु-शिष्य परंपरा पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संयुक्त मंत्री श्री पंकज नाफड़े जी, प्रान्त उपाध्यक्ष मध्य भारत डॉ० शिवकुमार शर्मा जी, प्रांत विद्यालय गतिविधि प्रमुख

श्री नितिन विटवेकर जी, प्रांत कार्यालय सह प्रमुख डॉ० अमित शर्मा जी तथा पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा एवं डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षक/शिक्षिकाएं, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण सहित अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## August - 2025

## मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, पी.के. विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में हुए विविध कार्यक्रम







मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए, पी.के. विश्वविद्यालय ने आज दिनांक 02 अगस्त 2025 को अपने प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या ऑडिटोरियम में "कारगिल विजय दिवस" के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। इन आयोजनों में संगोष्ठी, विचार गोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन शामिल थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों का उद्देश्य कारगिल विजय दिवस के महत्व और भारतीय सेना के बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया, जिससे उनमें देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति सम्मान और गहरा हुआ। यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र (दिनांक 26 जुलाई से 8 अगस्त 2025 के मध्य "कारगिल विजय दिवस" के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देशित) के अनुरूप किया गया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी सहित एवं समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षक/शिक्षिकाएं, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण सहित अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस











पी० के० विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा जी के कुशल निर्देशन में 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के उपरांत, सभी उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए शपथ ली गई। कार्यक्रम का संचालन विधि संकाय की शिक्षिका  कु० इरम एवं आभार छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के मा० कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, मा० प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, मा० कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, मा० डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, मा० डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक सहित विश्वविद्यालय के समस्त संकायों से विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ, कर्मचारीगण एवं सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित





दिनांक 18 अगस्त 2025 को पी०के० विश्वविद्यालय के मा० कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा जी के कुशल निर्देशन में विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के तत्वावधान में प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या सभागार में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी संकाय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं से अनुशासन में रहते हुए अच्छी शिक्षा तथा संचार कौशल का सही इस्तेमाल करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, सुविधाओं और नियमों से अवगत कराना था।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेद्र मलिक, प्रिंसिपल ऑफ़ फार्मेसी डॉ० विवेक गुप्ता, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, प्रिंसिपल फार्मेसी डॉ. विवेक गुप्ता, एचओडी विधि संकाय डॉ. हृदयवीर, एचओडी कला संकाय प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, एचओडी रिसर्च डॉ. भास्कर नल्ला, एचओडी इंजीनियरिंग संकाय श्रीमती बेनुबाला गोस्वामी, एचओडी विज्ञान संकाय डॉ. आशीष विश्वकर्मा, एचओडी कृषि संकाय डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. अजीम खान, एचओडी सीएस संकाय श्री आशीष प्रताप सिंह, एचओडी पैरामेडिकल डॉ० जितेंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ सैंकड़ों की संख्या में नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# पी० के० विश्वविद्यालय में "एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह" का आयोजित






विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के निर्देशों के अनुसार, पी.के. यूनिवर्सिटी द्वारा 12 से 18 अगस्त, 2025 तक "एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह" का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की बुराई को रोकना और छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह विश्वविद्यालय परिसर के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन प्रतियोगिता और क्विज़ प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, छात्रों और शिक्षकों के लिए एंटी-रैगिंग जागरूकता मूवी की स्क्रीनिंग भी की गई। जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि रैगिंग जैसी कुप्रथाएं न केवल शैक्षणिक माहौल को नष्ट करती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक और सामाजिक विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करती हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रैगिंग उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर पी.के. विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन एकेडमिक्स डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी सहित विश्वविद्यालय के समस्त संकायों से विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ, कर्मचारीगण एवं सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# पी० के० विश्वविद्यालय में निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित










पी० के० विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा जी के निर्देशानुसार, दिनांक 28 अगस्त 2025 (गुरुवार) को विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ (Training & Placement Cell) के द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करना था। इस निःशुल्क मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 108 विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उज्जैन की विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो० (डॉ०) अखिलेश पाण्डेय जी एवं पी० के० विश्वविद्यालय से श्री पवन कुमार शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, श्री बलवीर जी, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डॉ० विवेक गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जोहरी सहित समस्त संकायों से विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ, कर्मचारीगण एवं सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# पी. के. विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न, विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत









पी. के. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय भव्य खेल प्रतियोगिताओं का सफल समापन हुआ। 29 और 30 अगस्त 2025 को आयोजित हुए इस आयोजन का मुख्य विषय "एक घंटा खेल मैदान में" था। दो दिवसीय आयोजित खेल प्रतियोगिताएं के विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा विजयी प्रतिभागियों का अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान करके उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसे विश्वविद्यालय के शिक्षक रवि शंकर ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, श्री पवन शर्मा, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ० विवेक गुप्ता, डॉ० प्रभाकर, डॉ० हृदयवीर, डॉ० आशीष विश्वकर्मा, डॉ० कौशल नरेश अमर, रविशंकर, प्रहलाद, अजय जाटव, कुलदीप, शिवम, विनय प्रताप एवं समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ विभिन्न विभागों से छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# पी.के. विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित


















14 सितम्बर 2025 को, पी० के० विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम के दौरान, विश्वविद्यालय के एवं विभिन्न संस्थानों से सैंकड़ों की संख्या में आए हुए शिक्षकों को उनके शिक्षण और शोध कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० विवेक गुप्ता व डॉ० रजनी ने एवं आभार डॉ० प्रभाकर यादव ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो० अखिलेश पाण्डेय, कवि पंकज अभिराज, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के डॉ० आदित्य तथा पी०के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जे० पी० शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा एवं डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ. आकाश, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. कौशल नरेश अमर, डॉ. विष्णुकांत वर्मा, डॉ. ज्ञान सिंह और डॉ. रविशंकर, आशीष प्रताप सिंह, आलोक खरे, प्रहलाद सिंह, अजय यादव, शिवम रायकवार, रितेश, विनय प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम आदि शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों सहित आस-पास के क्षेत्रों से आमंत्रित शिक्षक बन्धु उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय के इंजिनीयरिंग विभाग के तत्वावधान में अभियंता दिवस मनाया गया




दिनांक 15 सितम्बर 2025 को अभियंता दिवस के अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अभियंता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, इंजिनीयरिंग विभागाध्यक्ष श्रीमती रेनुबाला गोस्वामी सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के विधि विभाग के तत्वावधान में व्याख्यानमाला आयोजित











दिनांक 15 सितम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के विधि विभाग के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में व्याख्यानमाला का सफल आयोजन किया गया, जहाँ वक्ताओं ने लोकतंत्र के महत्व और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

इस खास मौके पर, हमने विधि विभाग द्वारा आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता, विधिक निबन्ध प्रतियोगिता, और पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। यह आयोजन छात्रों में विधिक जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, विधि विभागाध्यक्ष डॉ० ह्रादयवीर एवं विधि विभाग के अन्य शिक्षकगण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सिविल इंजीनियरिंग वर्कशाप में भगवान विश्वकर्मा पूजन का कार्यक्रम आयोजित



विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दिनांक 17 सितम्बर 2025 को, पी० के० विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सिविल इंजीनियरिंग वर्कशाप में भगवान विश्वकर्मा पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, इंजिनीयरिंग विभागाध्यक्ष श्रीमती रेनुबाला गोस्वामी सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत ग्राम सेमरा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित






पी० के० विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा दिनांक 22 सितम्बर 2025 को 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत ग्राम सेमरा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना था। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में सैंकड़ों की संख्या में मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकत्सीय परामर्श के साथ-साथ वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों से बचाव के भी उपाय बताये गए, साथ

ही उन्हें निशुल्क: दवाइयों का वितरण एवं उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, कुलगुरु प्रो०(डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक एवं पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल की मेडिकल ऑफिसर डॉ. सैलेना शर्मा, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद कुमार, नीतू, दीक्षा, संजना, उवैश, अनुराधा एवं प्रिंस आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल के तत्वावधान में 'विश्व आयुर्वेद दिवस' का आयोजन किया गया



पी० के० विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में 23 सितम्बर 2025 को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 'विश्व आयुर्वेद दिवस' का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "हर घर आयुर्वेद" के अनुरूप, कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद के सिद्धांतों और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। इस अवसर पर वक्ताओं ने आयुर्वेद के महत्व, इसके औषधीय गुणों और आधुनिक जीवनशैली में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा जी, कुलगुरु प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ० जितेन्द्र मलिक, प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी एवं पं० महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल से मेडिकल ऑफिसर डॉ० सैलेना शर्मा, डॉ० सौरभ द्विवेदी, डॉ० आनंद व अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित












पी.के. विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा दिनांक 25 सितंबर 2025 को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट' की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्रों और फैकल्टी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान छात्रों के लिए कई विशेष कार्यक्रम रखे गए, जिनमें स्टूडेंट्स स्पीच, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं रंगोली प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता रैली और छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन शामिल रहा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने फार्मेसी और स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य आम जनता को फार्मासिस्टों की भूमिका और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान के बारे में शिक्षित करना था।

कार्यक्रम में पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा, कुलगुरु प्रो. (डा.) योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ. जितेन्द्र मलिक एवं प्रिन्सिपल फार्मेसी डॉ० विवेक गुप्ता समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ फार्मेसी संकाय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## भारत सरकार से पी०के० विश्वविद्यालय के कृषि संकाय को 'वर्मिकम्पोस्ट आधारित प्याज तैयार करने के लिए कृषि उपकरण' हेतु डिज़ाइन पंजीकरण प्रदान किया गया

पी० के० विश्वविद्यालय के कृषि संकाय को उनके अभिनव शोध कार्य 'वर्मिकम्पोस्ट आधारित प्याज तैयार करने हेतु कृषि उपकरण ("AGRICULTURAL DEVICE FOR PREPARING VERMI-COMPOST BASED ALLIUM CEPA")' के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिज़ाइन पंजीकरण प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि संकाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उनकी अनुसंधान उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह डिज़ाइन पेटेंट डिज़ाइन अधिनियम, 2000 और डिज़ाइन नियम, 2001 के प्रावधानों के तहत प्रदान किया गया है। इसमें डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. ऐमन फातिमा, डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. आशीष विश्वकर्मा, डॉ. जितेंद्र कुमार मलिक, डॉ. आकाश, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, अनिल देव, राज कुमार यादव, ऋषि पटेल शोधकर्ता शामिल हैं।

# Media Coverage

**July – 2025**

पीके विश्वविद्यालय में वेबिनार आयोजित

### आर्थिक जागरूकता के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया

**शिवपुरी.** नगर के पीके विश्वविद्यालय में वित्तीय साक्षरता सलाहकार निकाय उद्यम विशेषज्ञ दिल्ली एनसीआर के संयुक्त तत्वावधान में 'फाइनेंशियल लिटरेसी टू एंपावर योर फ्यूचर विद एसेंशियल मनी मैनेजमेंट' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक धन प्रबंधन कौशल के साथ अपने भविष्य को सशक्त बनाने में मदद करना है। वेबिनार में लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में तुषार अवस्थी ने आर्थिक जागरूकता के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा, प्रोफेसर योगेश चंद्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेंद्र मलिक, डीन ऑफ रिसर्च डॉ भास्कर नल्ला, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर महालक्ष्मी जौहरी, डॉ आशीष विश्वकर्मा, डॉ मनीष कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ कौशल नरेश अमर, डॉ विष्णुकांत वर्मा एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

पत्रिका

## पीके विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

# करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में हुई विचार गोष्ठी, दी श्रद्धांजलि



विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में मौजूद छात्र एवं छात्राएं।

**शिवपुरी**. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों पर पीके विश्वविद्यालय प्रबंधन ने शनिवार को प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या ऑडिटोरियम में करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन आयोजनों में संगोष्ठी, विचार गोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन शामिल किए गए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों का उद्देश्य करगिल विजय दिवस के महत्व और भारतीय सेना के बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा है। जिससे उनमें देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति सम्मान जागृत हो सके। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में स्थित एपीजे अब्दुल कलाम कांफ्रेंस हॉल में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पीके विश्वविद्यालय के प्रशसनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो महालक्ष्मी जौहरी सहित सभी संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

03/08/2025 | Shivpuri | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

पीके विश्वविद्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस

# ...हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं



**शिवपुरी.** जिले के दिनारा में थनरा स्थित पीके यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कुलाधिपति जेपी शर्मा के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो डॉ योगेश चन्द्र दुबे व विशिष्ट अतिथियों में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे और ध्वजारोहण किया। कुलगुरु डॉ दुबे ने कहा कि जो भरा नहीं है भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं, हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। उन्होंने कहा कि यदि हम राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को लेकर सजग नहीं हैं तो हम भारतवासी नहीं हैं। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ मिश्रा ने भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष के साथ उपस्थित सभीजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम प्रति वर्ष स्वतन्त्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाते तो हैं, परन्तु यदि धरातल स्थिति को देखें तो लोग अभी धर्म, जाति, ऊंच-नीच के भाव एवं फेर में फंसे हुए हैं। जबकि हम सभी को इन सभी से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विधि संकाय की शिक्षिका इरम एवं आभार छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो डॉ महालक्ष्मी जौहरी ने किया।

## पीके विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस



**शिवपुरी।** पीके विश्वविद्यालय के प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. डॉ योगेश चन्द्र दुबे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा और डीन ऑफफैकल्टी डॉ. जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे। कुलगुरु डॉ योगेश चन्द्र दुबे ने संबोधन में कहा जो भरा नहीं है भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं, हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति सजग रहना ही सच्ची देशभक्ति है। जिस संस्थान में हम कार्यरत हैं, वहां ईमानदारी और सम्मानपूर्वक कार्य करना भी राष्ट्र सेवा है। उन्होंने स्वतंत्रता और स्वच्छंदता के बीच का अंतर समझाते हुए कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर अपने कर्तव्यों का पालन करना ही देशप्रेम का सही स्वरूप है।



पीके विश्वविद्यालय शिवपुरी मे कुलाधिपति जेपी शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्वतन्त्रता दिवस समारोह मे मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. योगेश चन्द्र दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टि डॉ. जितेन्द्र मलिक आदि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। शिक्षिका इरम ने संचालन व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. महालक्ष्मी जौहरी ने आभार व्यक्त किया।

छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक वातावरण जानकारी दी

## कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए हुआ अभिविन्यास कार्यक्रम



**शिवपुरी@पत्रिका.** पीके विवि के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या सभागार में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी संकाय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं से अनुशासन में रहते हुए अच्छी शिक्षा तथा संचार कौशल का सही इस्तेमाल करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, सुविधाओं और नियमों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीके विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिविन्यास कार्यक्रम • विशेषज्ञों ने दिए विद्यार्थियों को टिप्स

## शिक्षा, अनुशासन और संचार कौशल पर दिया गया जोर

भास्कर संवाददाता | शिवपुरी

पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. जेपी शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'पर्यावरण को सहेजने के लिए हम सभी को सामूहिक रूप से आगे आना होगा। बिना प्रकृति के संरक्षण के मानव जीवन का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अभी से प्रकृति को सहेजने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।'

उन्होंने आगे बताया कि इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गड्ढा खोदने, खाद-पानी डालने और पौधों को रोपित कर उनकी देखभाल के तरीके सीखे। उन्होंने कहा कि छोटी-सी पौध जब देखभाल के साथ बड़ा होकर वृक्ष बनती है, तो यह विद्यार्थियों को धैर्य, जिम्मेदारी और प्रकृति से जुड़ाव की सीख देती है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं से अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संचार कौशल के उचित उपयोग का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, उपलब्ध सुविधाओं और नियमों से परिचित कराना था।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और संकाय प्रमुख उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से: डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, प्रिंसिपल, फार्मेसी डॉ. विवेक गुप्ता, एचओडी, विधि संकाय डॉ. हृदयवीर, एचओडी, कला संकाय प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, एचओडी, रिसर्च डॉ. भास्कर नल्ला, एचओडी, इंजीनियरिंग संकाय रेनुबाला गोस्वामी, एचओडी, विज्ञान संकाय डॉ. आशीष विश्वकर्मा, एचओडी, कृषि संकाय डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. अजीम खान, एचओडी, सीएस संकाय आशीष प्रताप सिंह, एचओडी, पैरामेडिकल डॉ. जितेंद्र तिवारी, इसके साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी, और सैकड़ों की संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अच्छी शिक्षा, शालीनता, व्यवहार, संचार कौशल का सही इस्तेमाल सफल करियर के महत्वपूर्ण पहलू: मिश्रा

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जे के मिश्रा ने कहा कि अच्छी शिक्षा, शालीनता, अच्छा व्यवहार तथा संचार कौशल का सही इस्तेमाल सफल करियर के महत्वपूर्ण पहलू हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आत्म-संचालित होने तथा जीवन भर अनुशासित रहने की सलाह दी। नवागंतुक छात्र-छात्राओं से आत्म-संवेदनशीलता के महत्व को रेखांकित करते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों की शैक्षणिक यात्रा में हमेशा सक्रिय बने रहने की अपील की। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ) योगेश चन्द्र दुबे ने छात्रों से कहा कि यह विश्वविद्यालय आपको न केवल ज्ञान बल्कि जीवन के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान करेगा इसके अलावा,



"ड्रग्स एडिक्शन" पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण, क्विज प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। अंत में विश्वविद्यालय प्रांगण में फल एवं औषधीय पौधों का पौधारोपण भी किया गया। संचालन कला संकाय से डॉ. रजनी एवं विधि संकाय से इरम ने किया। आभार विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के प्रिंसिपल डॉ विवेक गुप्ता ने व्यक्त किया।

## पी.के. विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

### कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और कौशल विकास पर दिया गया जोर

स्वदेश समाचार ■ झांसी

पी.के. विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार को प्रशासनिक भवन स्थित विश्वेश्वरय्या सभागार में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलाधिपति जे.पी. शर्मा उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. योगेश चन्द्र दुबे ने की।




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलन से किया गया। प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, शालीनता और संचार कौशल को सफलता की कुंजी बताते हुए आत्म-संचालित और संवेदनशील बनने की सलाह दी। कुलगुरु प्रो. दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को ज्ञान के साथ जीवनोपयोगी कौशल भी प्रदान करेगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता और धैर्य को सफल भविष्य के लिए आवश्यक बताया।

अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संकायाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को अपने-अपने विभागों, लाइब्रेरी, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण सुविधाओं, एंटी-रैगिंग उपायों और आंतरिक शिकायत समिति की जानकारी दी। साथ ही, ड्रग्स एडिक्शन पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण, क्विज प्रतियोगिता और खेलकूद भी आयोजित किए गए, जिसमें विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों ने परिसर में फल एवं औषधीय पौधों का पौधारोपण किया। संचालन कला संकाय की डॉ. रजनी और विधि संकाय की इरम ने किया जबकि आभार फार्मेसी संकाय के प्रिंसिपल डॉ. विवेक गुप्ता ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने न केवल विश्वविद्यालय की गतिविधियों से परिचय पाया बल्कि नए शैक्षणिक जीवन की प्रेरणादायक शुरुआत भी की।

पत्रिका

पीके विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह का आयोजन

## नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन स्पर्धा से विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शिवपुरी.** पीके यूनिवर्सिटी द्वारा एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की बुराई को रोकना और छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह विश्वविद्यालय परिसर के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रतिभागियों को एंटी रैगिंग उपायों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अतिरिक्त, छात्रों और शिक्षकों के लिए एंटी-रैगिंग जागरूकता मूवी की स्क्रीनिंग भी की गई, जिसके के माध्यम से संदेश दिया गया कि रैगिंग जैसी कुप्रथाएं न केवल शैक्षणिक माहौल को नष्ट करती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक और सामाजिक विकास में भी गंभीर बाधा



कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को जागरूक करने पहुंचे प्रोफेसर।

उत्पन्न करती हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रैगिंग उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा और संरक्षक के रूप में डीन एकेडमिक डॉ ऐमन फातमा, मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश चंद्र दुबे और विशेष अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव उपस्थित रहे। संयोजक डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो महालक्ष्मी जौहरी रहीं। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग जैसी प्रवृत्तिया शैक्षणिक प्रगति के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव सकारात्मक सोच, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## पीके यूनिवर्सिटी में एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह का समापन

स्वदेश समाचार ■ झांसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के निर्देशों के तहत पीके यूनिवर्सिटी में 12 से 18 अगस्त तक एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में रैगिंग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना रहा। विश्वविद्यालय परिसर के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में आयोजित समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस और एंटी-रैगिंग थीम पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन व क्विज़ प्रतियोगिताओं के जरिए छात्रों ने रैगिंग उन्मूलन का संदेश दिया। साथ ही एंटी-रैगिंग पर






आधारित मूवी की स्क्रीनिंग भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. डॉ योगेश चंद्र दुबे, विशेष अतिथि कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव उपस्थित रहे। प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा ने विद्यार्थियों से रैगिंग जैसी प्रवृत्तियों से दूर रहकर भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।समापन कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ. महालक्ष्मी जौहरी सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

20/08/2025 | Shivpuri | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/




1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in




1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in




1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in




1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in

## पी. के. विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न



शिवपुरी/झांसी। पी. के. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय भव्य खेल प्रतियोगिताओं का सफल समापन हुआ। 29 और 30 अगस्त 2025 को आयोजित हुए इस आयोजन का मुख्य विषय फ्एक घंटा खेल मैदान में था। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पी0 के0 विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो0 (डॉ0) योगेश चन्द्र दुबे ने कीढ्ढ मुख्य अतिथि के रूप में पी0 के0 विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ0 जे0 के0 मिश्रा जी एवं श्री पवन शर्मा जी एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ0 ऐमन फातमा, डीन ऑफ़ फैकल्टी डॉ0 जितेन्द्र मलिक उपस्थित रहे ।

### पीके यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता हुई

# छात्र व शिक्षकों ने ली खेल भावना बनाए रखने की शपथ



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं प्रोफेसर।

**शिवपुरी** . पीके विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 29 एवं 30 अगस्त को आयोजित हुए इस आयोजन का मुख्य विषय 'एक घंटा खेल मैदान में' रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीके विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे ने की।

आयोजन की शुरुआत 29 अगस्त को सुबह 11 बजे अतिथियों के स्वागत और कार्यक्रम के उद्घाटन के साथ हुई। इस अवसर पर अतिथियों ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ जेके मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद शपथ ग्रहण और रैली का आयोजन हुआ। छात्रों और शिक्षकों ने खेल भावना को बनाए रखने की शपथ ली। विभिन्न खेल जैसे दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल और जेवलिन थ्रो इस दिन आयोजित किए गए। 30 अगस्त को टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज आदि इनडोर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आउटडोर खेलों के परिणामों में क्रिकेट में छात्र अंकित यादव की टीम ने 111 रन बनाकर ऋषभ यादव की टीम को हराया और विजेता का खिताब जीता। दौड़ में अभिषेक यादव (बीए प्रथम वर्ष) पहले स्थान पर रहे, जबकि मयंक शर्मा (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) और कृष्ण कुमार योगी (बी.एससी.-एजी. तृतीय वर्ष) ने क्रमश दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

छात्राओं की दौड़ में शालिनी यादव (बीफार्मा प्रथम वर्ष) और दीक्षा परिहार (बी.फार्मा प्रथम वर्ष) ने पहला स्थान प्राप्त किया और रक्षा परिहार (बीफार्मा प्रथम वर्ष) तीसरे स्थान पर रहीं। लड़कियों की जवेलिन थ्रो में, शालिनी यादव (बीफार्मा प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कों में प्रिंस प्रताप (बी.एससी. एजी. प्रथम वर्ष) विजेता रहे। अंत में समापन समारोह के दौरान, दोनों दिवस आयोजित खेल प्रतियोगिताएं के विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा विजयी प्रतिभागियों का अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान करके उत्साहवर्धन किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक रवि शंकर ने व्यक्त किया।

## Sep – 2025




बिजनेस न्यूज

### पीके विश्वविद्यालय को शोध कार्य के लिए मिला डिजाइन पंजीकरण

शिवपुरी. पीके विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय को उनके अभिनव शोध कार्य एचपीएलसी फॉर एक्सिपिएंट कंपेटिबिलिटी स्टडी के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिजाइन पंजीकरण प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि संकाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो उनकी अनुसंधान उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह डिजाइन पंजीकरण हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी पद्धति के एक विशेष पहलू से संबंधित है, जिसका उपयोग फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन में सक्रिय दवा सामग्री और निष्क्रिय घटकों के बीच संगतता का अध्ययन करने के लिए किया जाता है। विश्वविद्यालय के डॉ जितेन्द्र मलिक ने बताया यह पंजीकरण हमारे शोधकर्ताओं के कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। यह मान्यता हमें फार्मास्युटिकल विज्ञान के क्षेत्र में और भी अधिक नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इस शोध का उद्देश्य ऐसी दवाएं विकसित करना है, जो न केवल प्रभावी हों बल्कि लंबी अवधि तक स्थिर भी रहें।




आयोजन

### हिंदी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक : प्रो. पाण्डेय




स्वदेश — झांसी, सोमवार, 15 सितम्बर 2025 — 03

### पीके विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह, सैकड़ों शिक्षकों को मिला सम्मान




पीके विश्वविद्यालय में हुआ शिक्षकों का सम्मान

### समाज और संस्कृति के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभा रहे शिक्षक

विश्वविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान करते मुख्य अतिथि एवं प्रोफेसर।

शिवपुरी. पीके विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित समारोह में शिक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करना है।

मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है, इसे बढ़ावा देना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही, उन्होंने शिक्षकों के महत्व को बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज और संस्कृति के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह आजीवन समाज और नई पीढ़ी को अपने ज्ञान से आलोकित करता है। पीके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने हिंदी भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समूचा विश्व हिंदी भाषा सीखने की ओर लालायित है। कार्यक्रम के दौरान, विश्वविद्यालय एवं विभिन्न संस्थानों से सैकड़ों की संख्या में आए शिक्षकों को उनके शिक्षण और शोध कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कवि पंकज अभिराज, बुन्देलखण्ड विवि के डॉ आदित्य तथा पीके विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा, प्रशासनिक निदेशक डॉ जेके मिश्रा, कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा एवं डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक आदि मौजूद रहे।




दैनिक पालिग्राफ — सोमवार 15 सितम्बर 2025 — प्रदेश/झांसी — 4

### पी.के. विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)

media coverage

जागरण एजुकेशन पॉइण्ट

## हिन्दी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक : प्रो. पाण्डेय



झाँसी : सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अतिथि, कुलगुरु व अन्य अधिकारी।

दैनिक जागरण

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in



## पी.के. विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनी विश्वकर्मा जयंती

**शिवपुरी।** पी.के. विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद का वितरण हुआ। कार्यक्रम इंजीनियरिंग वर्कशॉप में सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का रचनाकार और भगवान ब्रह्मा का सातवां पुत्र माना जाता है। उन्हें निर्माण और सृजन का देवता कहा जाता है। परंपरागत मान्यता है कि सृष्टि की सभी सृजनात्मक वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश चंद्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ. जितेंद्र मलिक, इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष श्रीमती रेनुबाला गोस्वामी सहित सभी फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्र-छात्राएँ मौजूद रहीं।



भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पूजन करती विश्वविद्यालय की फैकल्टी।

पीके विश्वविद्यालय में मनाई विश्वकर्मा जयंती

## सृजन और निर्माण के देवता हैं भगवान विश्वकर्मा

**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में बुधवार को सुबह 11 बजे भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्देशक डॉ जेके मिश्रा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का रचनाकार और ब्रह्माजी का सातवां पुत्र माना जाता है। विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का देवता भी कहा जाता है। मान्यता है कि सृष्टि की सभी सृजनात्मक वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया है। इसलिए उन्हें दुनिया का पहला शिल्पकार, वास्तुकार या इंजीनियर कहा गया है। कार्यक्रम में पीके विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टी डॉ जितेन्द्र मलिक, इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष रेनुबाला गोस्वामी सहित सभी फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

83 जागरण

जागरण

## आदिकाल के पहले एंजिनियर थे भगवान विश्वकर्मा



पीके विश्वविद्यालय शिवपुरी के फैकल्टि ऑफ एंजिनियरिंग विभाग मे भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती पर प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा ने उन्हे सृष्टि के रचनाकार और भगवान ब्रह्मा का सातवाँ पुत्र बताया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकैडमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ फैकल्टि डॉ. जितेन्द्र मलिक, एंजिनियरिंग विभागाध्यक्ष रेनुबाला आदि उपस्थित रहीं।

झाँसी : भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती बुधवार को मनायी गयी। जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रमिकों को सम्मानित किया गया। संस्थानों में चलित उपकरणों का पूजन किया गया। सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदिकाल का पहला एंजिनियर करार दिया। सार्वजनिक क्षेत्र

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**स्वदेश समाचार ■ झांसी**



पीके विश्वविद्यालय के पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तत्वावधान में सेमरा गांव में सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर में सैंकड़ों लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच के साथ चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में महिलाओं को सरकार की मातृ व शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और अनुमान वंदना कार्ड जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. सैलेना शर्मा ने कहा कि ÷स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ और सशक्त परिवार का निर्माण कर सकती है। शिविर का श ा ु भ ा र ं भ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जेके मिश्रा, प्रो. योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा व डीन ऑफ फैकल्टी डॉ. जितेन्द्र मलिक ने किया। इस अवसर पर पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच के बाद नि-शुल्क दवाइयां वितरित कीं।

## ग्राम सेमरा में लगा चिकित्सा परामर्श शिविर

# स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ परिवार का करेगी निर्माण : डॉ. शर्मा



शिविर में ग्रामीणों का इलाज करने के लिए मौजूद डॉक्टर।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शिवपुरी.** पीके विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पं महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत ग्रामपंचायत सेमरा में सोमवार को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकत्सीय परामर्श के साथ साथ वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों से बचाव के उपाय बताए, साथ ही उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण एवं उचित दरों पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई द्ध इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ सैलेना शर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ और मजबूत परिवार का निर्माण कर सकती है।

### शिविर में बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की हुई जांच

शिविर के दौरान महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध की गई। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और एनीमिया जैसी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही, डॉ शर्मा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मातृ व शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और अनुमान वंदना कार्ड के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया ताकि वे और उनके बच्चे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकें। इस दौरान, उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनाने की सलाह भी दी।